St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –9)** **Date: 17.08.2020**
Topic: अपठित गदयांश **Class -4**

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो :-

चिड़ियाघर में तरह - तरह के जानवरों को देखकर कई लोगों की मन में अनेक सवाल उठते हैं। ये बेजुबान जानवर अपने बंधनो की कहानी किसी को बता भी नहीं सकते , न जाने कब से यहाँ रह रहे हैं। कभी - कभी लगता है कि उनकी आँखों से आंसू बाह रहे हैं। ये सभी जीव अपनी इच्छा के अनुसार नहीं रह पाते। इनके लिए जो वातावरण प्रकृति में सुखकर है , वह चिड़ियाघर में नहीं मिल पाता।

इन जीवों ने हमारी धरती को सुन्दर बनाया है। शेर , चीता , भालू , बन्दर , खरगोश , सांप मगरमच्छ तथा मछलियाँ जल - थल की शोभा हैं। रंग - बिरंगे पक्षी , तितलियाँ , भँवरे आदि से केवल शोभा ही नहीं बढ़ती , ये हम सभी के लिए उपयोगी हैं। हमें जीवों की रक्षा करनी चाहिए। हमें उनसे प्यार करना चाहिए और हमेशा उनकी देखभाल करनी चाहिए।

1 चिड़ियाघर में जानवरो को देखकर मन में क्या सवाल उठते हैं ?

उ- चिड़ियाघर में जानवरों को देखकर मन में यह सवाल उठते है कि ये बेजुबान जानवर अपने बंधनो की कहानी किसी को बता भी नहीं सकते।

2 कभी - कभी इन्हे देखकर क्या लगता है ?

उ- कभी - कभी इन्हे देखकर लगता हैं कि ये जानवर यहाँ खुश नहीं हैं और इनकी आँखों से आंसू बाह रहे हैं।

3 चिड़ियाघर में हमें कौन - कौन से जानवर देखने को मिलते है ?

उ- चिड़ियाघर में हमें शेर , चीता , भालू , हांथी , बन्दर आदि जानवर देखने को मिलते हैं।

4 जानवरों के लिए वातावरण कहाँ सुखकर है ?

उ- जानवरो के लिए जो वातावरण प्रकृति की गोद में सुखकर होता है, वह इन्हे चिड़ियाघर में नहीं मिल पाता।

5 रंग - बिरंगे पक्षी क्या करते हैं ?

उ- रंग - बिरंगे पक्षी , तितलियाँ , भँवरे केवल शोभा ही नहीं बढ़ाते , बल्कि ये हमारे लिए उपयोगी भी है|

6 हमें जानवरों से कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

उ- हमें जानवरों की रक्षा करनी चाहिए |उन्हें प्यार करना चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए |

7 ' जानवरों को कैद में रखना उचित नहीं है ' | इस पर अपने विचार प्रकट कीजिये |

उ- मेरे विचार से जानवरो को कैद में नहीं रखना चाहिए , इससे वे खुश नहीं रहते | उन्हें प्रकृति की खुली हवा में आज़ाद छोड़ देना चाहिए |

8 इस गद्यांश का उचित शीर्षक बताओ |

उ- इस गद्यांश का उचित शीर्षक हैं - ' जानवरों की जेल - चिड़ियाघर ' |

शब्द अर्थ लिखो :-

9 बंधन - कैद

खाली जगह भरो :-

10 ये सभी जीव अपनी **इच्छा** के अनुसार नहीं रहते |

11 इन जीवों ने हमारी धरती को **सुन्दर** बनाया है |

वचन बदलो :-

12 जानवर - जानवरों

13 पक्षी - पक्षियों

लिंग बदलो :-

14 शेर - शेरनी

15 बन्दर -बंदरिया

दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो :-

16 जानवर

17 चिड़ियाघर

विलोम शब्द लिखो :-

18 सवाल - जवाब

19 सुखकर -दुखकर

20 वाक्य बनाओ :-वातावरण - हमें आस - पास के **वातावरण** को साफ रखना चाहिए |

Poonam Mehra

Poonam Mehra